तापमान
अधिकतम 22.3 डिग्री
न्यूनतम 6.2 डिग्री

हरिभूमि
# हिसार भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 7 फरवरी 2025

11 भारतीय वैज्ञानिकों ने दिखाई दुनिया को तकनीक व नवाचार की राह



12 हिसार के आसमान में गूंजी सुखोई की गर्जना



## खबर संक्षेप

### हिसार के लाल दिनेश मुनि 8 को आएंगे पैतृक शहर

**हिसार।** गुरु सुदर्शन संघ के मुनिराज संघ नायक शास्त्री पद्मचंद महाराज के सुशिष्य एवं संघ संचालक नरेश चंद महाराज के आज्ञानुवर्ती पं. दिनेश मुनि महाराज, विनीत मुनि महाराज ठाणे-2 अपने पैतृक शहर हिसार में 8 फरवरी को आएंगे। प्रवक्ता के अनुसार महाराजश 2024 का दिल्ली का चार्तुमास सम्पन्न कर हरिद्वार, देहरादून, मंसूरी, यमुनानगर होते हुए 600 किमी. की पद यात्रा करते हुए नरवाना मुनि सम्मेलन और दीक्षा के कार्यकम में पहुंचे। वर्ष 2023 में उन्होंने अजय मुनि के साथ हिसार में बड़े ही भव्य रुप से चातुर्मास किया था।

### 10 दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता 13 से

**मंडी आदमपुर।** आदमपुर गांव में शांति स्टेडियम में 13 से 23 फरवरी तक लेदर बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। नरषोत्तम मेजर ने बताया कि प्रतियोगिता में कोई भी टीम भाग ले सकती है। पहले, दूसरे, तीसरे व चौथे स्थान पर रहने वाले टीमों के अलावा मैन ऑफ द मैच का भी पुरस्कार दिया जाएगा।

### भूमि आश्रम में स्वेटर और जैकेट्स वितरित की

**हिसार।** अखिल भारतीय सेवा संघ के प्रधान सुमित मित्तल व सचिव संजीव राजपाल ने बताया कि सदस्य सुरेंद्र थरेजा के विशेष सहयोग से नई अनाज मंडी स्थित भूमि आश्रम में रह रहे लोगों को स्वेटर और जैकेट्स वितरित की। वहां रह रहे 103 साल के बुजुर्गों का हालचाल जाना। कोषाध्यक्ष सुशील गोयल, उपप्रधान राजेंद्र अग्रवाल, प्रांतीय सचिव संदीप भाटिया, विष्णु गोयल और भूमि आश्रम के संचालक मुकेश व निशा इत्यादि मौजूद रहे।

### पीएनबी होम लोन एक्सपो आज से

**हिसार।** पंजाब नेशनल बैंक द्वारा 7 एवं 8 फरवरी को राजगढ़ रोड स्थित गवर्नमेंट कॉलेज के पास एक विशेष होम लोन एक्सपो का आयोजन किया जाएगा। मंडल प्रमुख नरेश कुमार गर्ग ने बताया कि यह उन लोगों के लिए एक सुनहरा अवसर होगा, जो प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना के लाभ लेना चाहते हैं या अपने सपनों का घर खरीदने की योजना बना रहे हैं।

### बिना पहचान 72 घंटे बाद महिला अंतिम संस्कार

**मंडी आदमपुर।** आदमपुर टेल मंदिर माइनर से दो फरवरी को सुबह अधेड़ महिला का शव मिला था। महिला की पहचान नहीं होने पर शव का पोस्टमार्टम के 72 घंटे बाद समिति के सहयोग से हिसार ऋषि नगर स्थित श्मशान घाट में शव का अंतिम संस्कार करवाया। एएसआई दलबीर सिंह ने बताया कि दो फरवरी सुबह करीब नौ बजे सूचना मिली थी कि टेल मंदिर माइनर में एक महिला का शव बहकर आया हुआ है। पुलिस ने लोगों की सहायता से शव को माइनर से बाहर निकाला और पहचान के लिए आसपास के लोगों से पूछताछ की।

## नगर निगम चुनाव : भाजपा हुई एक्टिव, दावेदारों से आवेदन लेने शुरू

# मेयर चुनावः पहले दिन एक दर्जन से अधिक आवेदन, इच्छुक आज भी दें सकेंगे आवेदन

भाजपा व कांग्रेस दोनों पार्टी हुई सक्रिय, भाजपा के साथ कांग्रेस ने भी मांगें आवेदन हाईकमान के पास भेंजे जाएंगे आवेदन, वहीं से फाइनल होगा नाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

नगर निगम चुनाव की घोषणा के साथ ही सत्तारूढ़ भाजपा एक्टिव मोड में आ गई है। पार्टी संगठन के निर्देशानुसार जिला कार्यालय में दावेदारों के आवेदकों से नाम लिए लेने शुरू कर दिए गए हैं। बताया जा रहा है कि पहले दिन मेयर पद के लिए लगभग एक दर्जन से अधिक तथा विभिन्न वार्डों से पार्षद पद के लिए लगभग तीन दर्जन से अधिक दावेदारों ने जिला अध्यक्ष के समक्ष आवेदन किया है।

हिसार नगर निगम में मेयर व अन्य पार्षदों के लिए 2 मार्च को चुनाव होना है। इसके लिए सत्तारूढ़ भाजपा ने तैयारी करते हुए गोटियां बैठानी शुरू कर दी है। यदि किसी को चुनाव लड़ना है तो उसे आवेदन प्रक्रिया से गुजरना पड़ेगा। पार्टी के इन्हीं निर्देशों के तहत जिला कार्यालय में दो दिन इच्छुक दावेदारों के आवेदन लिए जाएंगे। दावेदारों के इन आवेदनों को पार्टी हाईकमान के पास भेजा जाएगा।

भाजपा की प्रक्रिया के तहत इन्छुक दावेदारों से आवेदन लिए जाने हैं। गुरुवार को मेयर व पार्षद पदों के लिए आवेदन लिए गए। यह प्रक्रिया शुक्रवार को भी जारी रहेगी। दोनों दिनों में आए आवेदनों को पार्टी हाईकमान के पास भेजा जाएगा।



हिसार। चुनाव लड़ने के इच्छुक कार्यकर्ता अपने आवेदन जिला अध्यक्ष को देते हुए।



हिसार। नगर निगम चुनाव को लेकर चर्चा करते कांग्रेसी। *फोटो : हरिभूमि*

### भाजपा चुनाव के लिए तैयारः सैनी

जिला अध्यक्ष अशोक सैनी ने बताया कि पार्टी संगठन के निर्देशानुसार नगर निगम चुनाव की तैयारियां तेज कर दी गई है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं की मेहनत से बने मजबूत संगठन के बल पर भाजपा ऐसी पार्टी है जो हर समय हर चुनाव के लिए तैयार रहती है। संगठन ने चुनाव लड़ने के इच्छुक कार्यकर्ताओं से आवेदन मांगे हैं, और इसके तहत जिला कार्यालय में भारी संख्या में चुनाव लड़ने के लिए कार्यकर्ता अपने आवेदन दे रहे हैं।

### पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ता कर सकते हैं आवेदन

भाजपा संगठन के निर्देशानुसार पार्टी का सक्रिय सदस्य ही आवेदन कर सकता है। नियमों के अनुसार यदि किसी ने पार्टी के 50 सदस्य बना रखें हैं तो उसे पार्टी का सक्रिय सदस्य माना जाता है और वहीं सक्रिय सदस्य चुनाव के लिए आवेदन कर सकता है।

### पहले दिन इन दावेदारों ने दिए अपने आवेदन

पहले दिन लगभग एक दर्जन से अधिक दावेदारों ने मेयर पद के लिए आवेदन दिए हैं। इनमें प्रमुख रूप से पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं आदमपुर से पूर्व में प्रत्याशी रहे पवन खारिया शामिल है। इसके अलावा पूर्व जिला अध्यक्ष सुभाष मल्होत्रा, पूर्व महामंत्री प्रवीण पोपली, पूर्व सीनियर डिप्टी मेयर डीएन सैनी, विजय सेठी, संजीव रेवड़ी, सतीश मेहता, पूर्व पार्षद पंकज दीवान, मीनू भुटानी, गुलशन, प्रीतम सैनी व डॉ. रमेश आर्य शामिल है।

### निकाय चुनाव के लिए आरओ व एआरओ की नियुक्ति

**हिसार।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त अनीश यादव ने नगर निकाय चुनाव के मद्देनजर रिटर्निंग ऑफिसर (आरओ) और असिस्टेंट रिटर्निंग ऑफिसर (एआरओ) नियुक्त किए हैं। राज्य चुनाव आयोग की तरफ से नगर निकाय चुनाव के बारे शैड्यूल जारी किया गया था। उन्हीं निर्देशानुसार जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त अनीश यादव ने नगर निकाय चुनाव के मद्देनजर नगर निगम आयुक्त को रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त किया है। म्युनिसिपल कारपोरेशन के एडिशनल कमिश्नर को नगर निगम हिसार के वार्ड नंबर 1 से वार्ड नंबर 5 के लिए असिस्टेंट रिटर्निंग ऑफिसर, जबकि वार्ड नंबर 6 से 10 के लिए म्युनिसिपल कारपोरेशन हिसार के ज्वाइंट कमिश्नर को असिस्टेंट रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त किया गया है। वार्ड नंबर 11 से 15 के लिए सीईओ जिला परिषद जबकि वार्ड नंबर 16 से 20 के लिए रोडवेज जीएम को असिस्टेंट रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त किया गया है। इसी तरह अगर नारनौंद में होने वाले म्युनिसिपल कमेटी के चुनाव की बात करे तो इसके मद्देनजर एसडीएम नारनौंद को रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त किया गया है, जबकि तहसीलदार नारनौंद और बीडीपीओ नारनौंद को असिस्टेंट रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त किया गया है।

### आदर्श चुनाव आचार संहिता का सख्ती से पालन सुनिश्चित करें

**हिसार।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त अनीश यादव ने कहा कि नगर निगम और नगर पालिका चुनावों की घोषणा के साथ ही आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। इसके तहत स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव सुनिश्चित करने के लिए सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अपनी जिम्मेदारियों का गंभीरतापूर्वक निर्वहन करना होगा। उन्होंने कहा कि सभी संबंधित विभागों को चुनाव संबंधी दिशा-निर्देशों की अक्षरशः पालना करनी होगी। आचार संहिता का उल्लंघन करने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी, और संबंधित विभागाध्यक्ष स्वयं इसके लिए उत्तरदायी होंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि चुनाव प्रक्रिया को स्वच्छ, निष्पक्ष और भयमुक्त बनाने के लिए प्रशासन पूरी तरह से सतर्क है। किसी भी राजनीतिक दल, उम्मीदवार या सरकारी अधिकारी द्वारा आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत मिलने पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने नागरिकों से भी अपील की कि वे स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया को सुनिश्चित करने में प्रशासन का सहयोग करें और किसी भी प्रकार की अनियमितता की सूचना निर्वाचन कार्यालय को दें। जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों से भी अनुरोध किया कि वे आचार संहिता के नियमों का पालन करें और लोकतांत्रिक मूल्यों को बनाए रखें। उन्होंने कहा कि चुनाव में किसी भी प्रकार का अनुचित प्रभाव, धनबल या बाहुबल स्वीकार्य नहीं होगा।

### कांग्रेस ने बैठक कर मांगें मेयर पद के लिए नाम

**हिसार।** नगर निगम चुनाव को लेकर गुरुवार की सायं कांग्रेस प्रभारी शीशपाल केहरवाला ने कांग्रेस भवन में पार्टी के प्रमुख नेताओं के साथ बैठक की। जिसमें मेयर पद के लिए एक मजबूत प्रत्याशी का नाम मांगा गया। नाम अगले एक-दो दिनों में पार्टी हाईकमान को भेज दिया जाए। बैठक में केहरवाला ने कहा कि पार्टी से मेयर पद का नाम फाइनल होने के बाद पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा, सांसद कुमारी सैलजा, सांसद रणदीप सुरजेवाला बड़े नेता प्रचार के लिए आएंगे। बैठक में विधायक चंद्रप्रकाश, नरेश सेलवाल व बजरंग गर्ग, पूर्व मंत्री अत्तर सिंह सैनी, पूर्व विधायक रामनिवास घोड़ेला, छत्तरपाल सोनी, पार्षद आशीष कुमार, मनोज राठी, दलजीत पंघाल, अमर गुप्ता, राजेश श्योकंद मौजूद रहे।

## साइबर ठगीः शेयर मार्केट में ट्रेडिंग के नाम पर 18 लाख ठगे

- एक और आरोपी काबू, गिरफ्तार आरोपी ने दिया था अकाउंट उपलब्ध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

साइबर थाना पुलिस ने शेयर मार्केट में ट्रेडिंग के नाम पर की गई 18 लाख रुपये की ठगी मामले में तीसरे आरोपी को गिरफ्तार किया है। उसकी पहचान बिहार के गोपालगंज जिले के भोरे निवासी शमशाद अंसारी के रूप में हुई है जिसे निजामुद्दीन कॉलोनी भोपाल से गिरफ्तार किया गया है।

एएसआई प्रदीप ने गुरुवार को बताया कि उपरोक्त आरोपी ठगी के पैसे ट्रांसफर करवाने के लिए बैंक अकाउंट उपलब्ध करवाता है। इस मामले में पहले दो आरोपियों फतेहाबाद में रह रहे मुरादाबाद निवासी सोनू और फरीदाबाद में रह रहे गोपालगंज निवासी सुधीर यादव को गिरफ्तार किया जा चुका है। एनसीसीआरपी पोर्टल से 27 दिसंबर 2024 को शेयर बाजार में ट्रेडिंग के नाम पर एक इलेक्ट्रिकल दुकान संचालक से 18 लाख रुपये की ठगी होने के बारे में एक शिकायत प्राप्त हुई। शिकायतकर्ता ने बताया कि 8 नवंबर को को मेरे मोबाइल नंबर पर किसी ऐश्वर्य शास्त्री का फोन आया। कंपनी का एसेक्टिव बताया और व्हाट्सएप पर कंपनी का सीआईएन नंबर सहित सेबी स्टॉक ब्रोकर रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट देकर कहा कि हम ट्रेडिंग का काम करते है और डिमेट/ट्रेडिंग अकाउंट खोलते है। इसी के चलते 20 दिसंबर को शिकायकर्ता के पास एक लिंक भेजा और दस्तावेज ले उसका ट्रेडिंग अकाउंट खोल दिया। अगले दिन 21 दिसंबर को शिकायतकर्ता ने लिंक पर मिले ऐप से कस्टमर केयर पर अनिल से बात कर उसके द्वारा बताए गए अकाउंट में 50 हजार रुपए ट्रांसफर कर दिए। आईपीओ खरीदने, ट्रेडिंग के नाम पर अलग अलग तारीख पर शिकायतकर्ता ने पैसे ट्रांसफर किए। मामले के अनुसार 13 दिसंबर को ऐश्वर्य शास्त्री ने कहा कि उसके ट्रेडिंग अकाउंट में 33 लाख 84 हजार रुपये है और उन्हें निकालने के लिए प्रॉफिट का 20 प्रतिशत जमा करवाना होगा। पैसे निकालने के लिए टैक्स अलग अलग तारीख पर पैसे जमा करवाने लिए कहा।

## इंजीनियर्स का तीसरे दिन भी प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

हरियाणा पावर इंजीनियर्स एसोसिएशन (एचपीईए) ने अधिकारियों को जारी किए गए कारण बताओ नोटिस वापस लेने, तीनों बिजली उपयोगिताओं के पुनर्गठन और एचवीपीएन में इंजीनियरों के शीर्ष पदों को भरने की मांग को लेकर हिसार और पंचकूला में तीसरे दिन भी काले बैज लगाकर गेट मीटिंग जारी रखी। गेट मीटिंग में बड़ी संख्या में इंजीनियरों ने भाग लिया, जिससे इंजीनियरों में असंतोष दिखा।

एसोसिएशन के प्रदेश महासचिव रवींद्र घनघस ने कहा कि यदि इस सप्ताह के भीतर प्रशासन से कोई जवाब नहीं मिलता है तो वे सोमवार से अपना आंदोलन तेज करेंगे। एसोसिएशन ने आज एक बार फिर प्रबंध निदेशक यूएचबीवीएन को पत्र लिखकर इंजीनियरों की प्रमुख समस्याओं पर चर्चा करने के लिए बैठक का समय मांगा है। प्रबंधन ने एक माह बीत जाने के बाद भी कोई समय नहीं दिया है।

बलजीत बेनीवाल ने कहा कि बिना किसी आधार के इंजीनियरों को कारण बताओ नोटिस दिए जा रहे हैं, जिससे उनकी कार्यक्षमता प्रभावित हो रही है, बल्कि नकारात्मक माहौल भी बन रहा है, जो कार्य संस्कृति के लिए हानिकारक है। एसोसिएशन ने प्रशासन से कारण बताओ नोटिस वापस लेने का अनुरोध किया है।



हिसार। विद्युत सदन में विरोध प्रदर्शन करते इजीनियर्स।

### बरवाला में भी वर्कर्स यूनियन ने किया विरोध प्रदर्शन

**बरवाला।** ऑल हरियाणा पॉवर कार्पोरेशन वर्कर यूनियन के द्वारा उपमण्डल अधिकारी बाडो पट्टी के खिलाफ गांव बाडो पट्टी बिजली निगम के प्रांगण में विरोध प्रदर्शन किया गया। इसकी अध्यक्षता सब युनिट प्रधान जयबीर खेदड़ और संचालन सह सचिव सुरेंद्र जेवरा द्वारा किया गया। राज्य उपप्रधान सुबे सिंह कादियान ने अपने संबोधन में कहा कि आम जनता व कर्मचारियों की समस्याओ के लिए युनियन द्वारा 27 जनवरी को लिखित मे मांगपत्र सौपा गया था। दस दिन बीतने पर भी उपमण्डल अधिकारी ने युनियन से वार्ता करना उचित नहीं समझा और कर्मचारियों के नाजायज तबादले किए जा रहे है। इस अवसर पर जेई आजाद, राजेंद्र, नरेंद्र, कुलदीप दलाल, मनोहर लाल मालिया, संजय, कुलदीप, मनोज, राकेश, सुरेंद्र, राजबीर, सोनू, रमेश, रविंद्र, राजेश, नवीन, योगेश व विजय समेत अनेक कर्मचारी मौजूद रहे।



## टॉवर लगाने के नाम पर कैनाल गार्ड से 1.8 लाख रुपये की ठगी

- मोबाइल पर आए नोटिफिकेशन पर किया था क्लिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

शातिर ठगों ने मोबाइल टावर लगाने के नाम पर सिंचाई विभाग के कैनाल गार्ड से 1 लाख 8 हजार रुपये ठग लिए जाने का मामला प्रकाश में आया है। ठगी का शिकार होने का आभास होने पर कैनाल गार्ड ने साइबर थाना में शिकायत दी गई है। साइबर क्राइम थाना पुलिस ने पीड़ित की शिकायत के आधार पर दो महिलाओं सहित तीन आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस को दी शिकायत में गढ़ी गांव निवासी जय सिंह ने कहा है कि वह गढ़ी का रहने वाला है और सिंचाई विभाग में कैनाल गार्ड है। उसके मोबाइल फोन पर 23 नवंबर को एक नोटिफिकेशन आया। जिस पर उसने क्लिक किया तो एक मोबाइल नंबर दिखाई दिया। और उसके अंदर बीएसएनएल के टावर लगवाने के लिए हेडलाइन दिखाई दी। जिसके बाद उसने उस नंबर पर बात की तो एक सोनिया नामक महिला ने फोन उठाया। उससे टावर लगवाने के बारे में बात हुई। जिसके बाद आरोपी ने उससे टावर लगवाने बारे जरूरी कागजात मांगे। सभी जरूरी कागजात उसके व्हाट्सएप पर भेज दिए और कहा कि उसे टावर अपने पिता के नाम पर लगवाना है। आरोपी महिला ने उसके पिता के नाम पर एक सेंक्शन लेटर जारी करके मेरे व्हाट्सएप नंबर पर भेज दिया। जय सिंह ने बताया कि उसके बाद 25 नवंबर को आरोपी ने उससे एक बैंक खाते में 1050 रुपये जमा करवाने के लिए कहा। आरोपी महिला ने बताया कि आपके सभी दस्तावेज तैयार करवाने हैं। उन्होंने कहा कि एक व्यक्ति जो उनके पैनल पर है, उसके द्वारा आपके कागजात तैयार किए जाने हैं। जिसके बाद उसने आरोपी द्वारा बताए गए खाता में 1050 रुपये डाल दिए। आरोपिया ने अपने झूठे जाल में फंसा लिया और टावर लगाने से संबंधित बातें करके 5200, 16,700, 25,700 व 60,000 रुपये अपने अकाउंट नंबर में ऑनलाइन से डलवा लिए। उससे टावर लगाने के लिए 60,000 रुपये कमीशन की एवज में और मांग रहे हैं।



हिसार। पशु पकड़ो अभियान चलाते नगर निगम की टीम।

## नगर निगमः 70 बेसहारा पशुओं को पकड़कर भेजा गो-अभ्यारणय

**हिसार।** नगर निगम की पशु पकड़ो टीम द्वारा बेसहारा पशुओं को पकड़ने का अभियान जारी हैं। एएसआई राहुल सैनी ने बताया कि टीम ने वीरवार को सेक्टर 1-4, नई सब्जीमंडी और मिलगेट के आसपास के क्षेत्र से बेसहारा पशु पकड़ने का अभियान चलाया। इस दौरान टीम ने 70 बेसहारा पशुओं को पकड़कर गौ-अभ्यारणय भेजा। बेसहारा पशु पकड़ने वाली टीम के साथ पुलिस विभाग की टीम भी मौजूद रही।

### फॉर्म हाउस में जुआ खेलते 17 गिरफ्तार 6.50 लाख बरामद

**हिसार।** आजाद नगर थाना पुलिस ने मयूर विहार कॉलोनी स्थित फार्म हाउस में जुआ खेलते 17 व्यक्तियों को साढ़े.6 लाख से अधिक रुपये और ताश के पतों के साथ काबू किया। पुलिस ने मयूर विहार कॉलोनी स्थित फार्म हाउस में छापा मारकर 17 व्यक्तियों को काबू कर जुआ में प्रयुक्त 6 लाख 52 हजार 100 रुपए बरामद किए। जिनकी पहचान मीरकां के विक्रम, प्रेम कॉलोनी के मोनू, सेक्टर 15 के सुमित व रोहित, राजथल के अमन, पीएलए के गौरव, कालीरावण के जयबीर, सेक्टर 16/17 के दलबीर, मोहल्ला डोगरान के कशिश और सुरेंद्र, टिब्बा दानाशेर के विनोद, कालीरावण के अमरजीत, राजस्थान के अजमेर सिंह, धारणिया के सुनील, चुली बागड़ियान के दिनेश, विक्रम, रोहतास के रूप में हुई।

## तोरणद्वार में लगाया गया धौलपुर से मंगाया पत्थर

# हांसीः 50 लाख में बना श्री श्याम तोरण द्वार

- एक साल में बनकर तैयार, ऊंचाई 22 फीट, दुधिया लाइटों से सजाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

हांसी में भी राजस्थान के खाटू श्याम की तरह तोरण द्वार बनाया गया है। बताया जा रहा है कि आसपास के क्षेत्र में पहला तोरण द्वार बनाया गया है। शहर में विश्वकर्मा चौक के पास करीब 50 लाख रुपये की लागत से यह तोरण द्वार बनाया गया है। एक साल में बनकर तैयार हुआ है। तोरण द्वार की ऊंचाई करीब 22 फीट है। द्वार के निर्माण में राजस्थान के धौलपुर पत्थर का इस्तेमाल किया गया है। तोरण द्वार के ऊपर बड़े-बड़े अक्षरों में श्री श्याम देवाय नमः लिखा गया है।

तोरणद्वार के अंदर सुंदर दुधिया लाइटें लगाई गई हैं। तोरण द्वार का गुरुवार शाम को विधायक विनोद भयाना द्वारा उद्घाटन किया गया। और जयपुर से आई भजन गायिका गायिका साक्षी अग्रवाल ने संकीर्तन किया। उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता अग्रोहा विकास ट्रस्ट हांसी के प्रधान विजय जैन तथा गौरव जैन ने की।



### मिनी खाटू के नाम से प्रसिद्ध है हांसी

हांसी को मिनी खाटू नगरी के नाम से भी जाना जाता है। यहां हर साल श्याम बाबा का बड़ा आयोजन होता है। देशभर से लोग हांसी श्याम मंदिर में पहुंचते हैं। भक्तों की आस्था को देखते हुए ही तोरण द्वार बनाया गया है। श्री श्याम मंदिर हांसी के वार्षिक महोत्सव में लक्ष्मी श्रृंगार की चर्चा देश ही नहीं विदेशों में भी होती है। श्याम बाबा का श्रृंगार नोटों की माला से किया जाता है और लाखों रुपए की नोटों की माला बना कर श्याम बाबा का लक्ष्मी श्रृंगार किया जाता है।

जंतु जगत
प्रत्यूष शर्मा

बच्चों, फूलों पर मंडराती रंग-बिरंगी प्यारी तितलियां, हर किसी का मन मोह लेती हैं। दुनिया भर में इन तितलियों की अनेक प्रजातियां हैं। यहां बताई जा रही तितलियों में से एक तितली को छोड़कर बाकी तितलियों को अपने-अपने राज्यों में राजकीय तितली घोषित किया गया है। जानो, इन मनभावन तितलियों के बारे में।



# मनमोहक रंग-बिरंगी तितलियां

## 89-98 तितली


**इस तितली** का वास्तविक नाम डायएथ्रिया फ्लोजिया या यूक्लिड्स फ्लोजिया है। यह 89, 98 उपनाम से भी जानी जाती है, क्योंकि इसके पंखों पर 89 और 98 अंक जैसे चिन्ह अंकित होते हैं। यह एक ऐसी तितली है, जो संख्याओं का एक सेट पहनकर घूमती है। लगभग 200-1700 मीटर की ऊंचाई पर रहने वाली ये तितलियां बहुत ही एक्टिव रहती हैं। ये तितलियां एक जगह पर ज्यादा नहीं टिकती हैं यानी एक स्थान पर कुछ सेकेंड से ज्यादा आराम नहीं करती हैं। ये तितलियां सूर्यास्त से पहले अपने पंख फैलाकर धूप सेंकती देखी जाती हैं। रात होने पर ये किसी पत्ते के नीचे बैठकर आराम करती हैं। ये तितलियां कोलंबिया समेत दक्षिण अमेरिका के कई अन्य देशों में पाई जाती हैं। *





## केसर-ए-हिंद तितली

**इस तितली** का वैज्ञानिक नाम टीनोपालपस इंपीरियलिस है। इसे अरुणाचल प्रदेश की राज्य तितली का दर्जा दिया गया है। केसर-ए-हिंद, जंगल में पाई जाने वाली सबसे दुर्लभ तितलियों में से एक है। यह तितली पूर्वी हिमालय में पाई जाती है। इस तितली को दिया गया नाम 'केसर-ए-हिंद' का शाब्दिक अर्थ 'भारत का सम्राट' है। इस तितली को मध्यम और उच्च ऊंचाई वाले क्षेत्रों में यानी 6,000 से 10,000 फीट की ऊंचाई पर देखा जा सकता है। इस तितली की उड़ान बहुत तेज होती है, यह पेड़ की चोटी पर बहुत तेज गति से पहुंच जाती है। केसर-ए-हिंद तितली भारत के अलावा नेपाल, भूटान, वियतनाम, म्यांमार, लाओस और दक्षिणी चीन में भी पाई जाती है। *



## ब्लू पैंसी बटरफ्लाई

**ब्लू पैंसी** तितली, जम्मू कश्मीर की राज्य तितली है। ब्लू पैंसी तितली अपने चमकीले नीले और काले पंखों के लिए जानी जाती है, जो नारंगी रंग के धब्बों से सजे होते हैं। यह तितली जम्मू-कश्मीर के घास के मैदानों में और उद्यानों में पाई जाती है। *


## ब्लू मॉर्मन बटरफ्लाई

**ब्लू मॉर्मन** तितली का वैज्ञानिक नाम पैपिलियो पॉलीमेनेस्टर है। आकर्षक रंग और बड़े-बड़े पंखों वाली यह तितली बहुत ही मनमोहक लगती है। इसे महाराष्ट्र की राज्य तितली घोषित किया गया है। बच्चों, इस तितली के बारे में एक खास बात यह भी जान लो कि महाराष्ट्र भारत का पहला ऐसा राज्य है, जिसने साल 2015 में अपनी राज्य की राजकीय तितली घोषित किया थी। इसके बाद कुछ अन्य राज्यों में भी अपने-अपने राज्य की राजकीय तितलियों की घोषणा की गई। ब्लू मॉर्मन भारत के अलावा श्रीलंका में भी बहुतायत में पाई जाती है। *



## पीकॉक बटरफ्लाई

**पीकॉक तितली** को पैपिलियो बियानोर के नाम से भी जाना जाता है। इसे भारत के उत्तराखंड राज्य की राज्य तितली का दर्जा प्राप्त है। इस तितली के पंखों पर पीकॉक यानी मोर की तरह बड़े-बड़े धब्बे और पैटर्न बने होते हैं। इन धब्बों और पैटर्न्स की वजह से ही इसे 'पीकॉक बटरफ्लाई' कहा जाता है। यह तितली जंगल, घास के मैदान, खेत, पार्क आदि में रहती है। इसके पंखों के नीचे का हिस्सा गहरे भूरे-काले रंग का होता है। पीकॉक तितली की एक खासियत यह भी होती है कि यह आस-पास के रंगों और माहौल में घुल-मिल जाती है। कोई खतरा भांपते ही किसी पत्ते की तरह स्थिर हो जाती है, जिससे इसके शिकार के लिए आया कोई शिकारी जंतु इसे पहचान नहीं पाता। यह तितली यूरोप, एशिया महादेशों और जापान के समशीतोष्ण क्षेत्रों में पाई जाती है। *



छोटी कहानी / समीर गांगुली

नदी के इस पार इंसान का बच्चा तो दूसरे पार शेर का बच्चा था। दोनों ने एक-दूसरे को देखा और नदी में उतर कर शरारत करने लगे। पढ़ो एक मजेदार कहानी।

# दोस्ती-दुश्मनी

शेर जंगल की तरफ था। छोटा था छह महीने का।

शेरू गांव की तरफ था। वह भी छोटा था छह साल का।

दोनों के बीच नदी बह रही थी।

आज से पहले शेर ने दो पैर से चलने वाले किसी को नहीं देखा था। शेरू ने भी सचमुच का शेर नहीं देखा था। सो दोनों एक-दूसरे को देखने लगे। नदी के इस पार, उस पार से।

फिर दोनों ने नदी का पानी पीया। पहली बार अपने-अपने तरीके से, दूसरी बार दूसरे के तरीके से। फिर कुछ देर तक वे एक-दूसरे को देखते रहे।

शेरू को मजाक सूझा। वह पानी में उतरा और दोनों हाथों से पानी को छपछपाने लगा। यह देख शेर भी पानी में उतरा और पानी को छपछपाने लगा। ऐसा करके उन्होंने इतना पानी उछाला कि दोनों भीग गए।

तभी उनकी नजर ऊपर से नदी में बहती आ रही एक लंबी-मोटी चीज पर पड़ी। यह एक मोटे पेड़ का तना था, जो पहाड़ों से बहता चला आ रहा था। लेकिन उन्होंने इसे पानी का जानवर समझा और डर कर किनारों के बड़े पत्थरों के पीछे जा छिपे। जब तना बहता हुआ आगे चला गया तो उनका डर दूर हुआ। दोनों फिर से बाहर आकर एक-दूसरे की तरफ देखने लगे।

नदी गहरी थी और दोनों ही तैरना नहीं जानते थे, मगर वे एक दूसरे को और नजदीक से देखना चाहते थे। इसलिए वे फिर से पानी में उतर गए और दो कदम आगे, एक कदम पीछे करके थोड़ा आगे बढ़े। शेर दो पैर से चलना चाहता था। शेरू भी चार पैर की चाल देखना चाहता था। शायद दोनों एक-दूसरे से दोस्ती करना चाहते थे।

शेर ने आवाज लगाई, 'आऽऽऽऽ आऽऽऽ!'

शेरू ने भी आवाज लगाई, 'आऽऽऽऽ आऽऽऽऽ!'



तभी जंगल की तरफ से एक दहाड़ गूंजी। शेरू ने देखा, एक बहुत बड़ा शेर नदी के उस पार आकर खड़ा हो गया था। वह छोटे शेर का बाप था।

नदी के इस पार शेरू की तरफ भी तभी हलचल हुई, हवा में बंदूक की 'धांय' की आवाज गूंज उठी।

इधर शेरू का बापू शंभू अपनी दुनाली बंदूक के साथ खड़ा था।

नदी के दोनों पार, अब दोनों बच्चे अपने पिता के साथ थे।

शेर अपने बेटे को आदमी के बारे में बता रहा था और आदमी अपने बेटे शेरू को शेर के बारे में बता रहा था। बहुत बुरा, डरावना और नफरत लायक। फिर सब जहां से आए थे, वहां लौट गए।

शेर और शेरू ने एक बार भी मुड़कर एक-दूसरे की तरफ नहीं देखा। *

## जीके क्विज-140

1. हाल में संपन्न 76वें गणतंत्र दिवस समारोह में किस राज्य ने सर्वश्रेष्ठ झांकी का पुरस्कार जीता?
2. असम के मुख्यमंत्री ने किस शहर को राज्य की दूसरी राजधानी बनाने की घोषणा की है?
3. खेलो इंडिया विंटर गेम्स का आयोजन कहां किया जा रहा है?
4. हाल ही में देश का केंद्रीय बजट पेश करने वाली वित्त मंत्री का क्या नाम है?
5. सबसे भारी धातु कौन सी है?
6. भारत में मीठे पानी की सबसे बड़ी झील कौन-सी है?
7. शरीर का कौन-सा अंग हमारे रक्त को शुद्ध करता है?
8. किस देश को 'केक की भूमि' कहा जाता है?
9. सेब में कौन-सा एसिड पाया जाता है?
10. विश्व का सबसे बड़ा द्वीप कौन-सा है?



बच्चों, जीके क्विज-140 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-139 का उत्तर :** 1.प्रलय, 2.ऋषभ पंत, 3.टेनिस, 4.बाबर, 5.मौलाना अबुल कलाम आजाद, 6.क्षोभमंडल (ट्रोपोस्फेयर), 7.भारत और चीन, 8.प्रशांत महासागर, 9.स्वामी विवेकानंद, 10.बौद्ध धर्म

**जीके क्विज-139 का सही उत्तर देने वाले :** क्षमा-बिलासपुर, रमेश-रायगढ़, कबीर-हिसार, डिंपल-बिलासपुर, बी.ईशान-अहमदाबाद, बी.आकांक्षा-अहमदाबाद, मनोज-ईमेल से, राहुल-रोहतक, कुसुम-रायपुर, जतिन-महेंद्रगढ़

## हंसगुल्ले

**रिंकी :** चलो, डिनर कर लो।
**पिंकी :** लेकिन अभी तो दोपहर है। डिनर तो रात के खाने को कहते हैं।
**रिंकी :** हां, यह रात का बचा हुआ खाना ही है।
-अंशु, रायपुर



**टीचर :** मैं जो सवाल पूछूं, उसका जवाब फटाफट देना।
**रोहन :** जी मैम।
**टीचर :** बताओ, ऑस्ट्रेलिया की राजधानी कहां है?
**रोहन :** फटाफट...।
-जीवेश, बिलासपुर

**साइंस टीचर :** कौन-सा लिक्विड गर्म करने पर सॉलिड बन जाता है?
**राजू :** बेसन के पकौड़े।
-तनुजा, बेमेतरा

कहानी / सरस्वती रमेश

दादी ने अपने घर में एक लाइब्रेरी बना रखी थी। इस लाइब्रेरी में बच्चे भी किताबें पढ़ने आते थे। दादी को लगा कि लाइब्रेरी छोटी पड़ रही है तो उन्होंने एक बड़ी जगह खोज ली। अब समस्या यह थी कि इतनी ढेर सारी किताबें वहां पहुंचाई कैसे जाएं? लेकिन बच्चों ने ऐसा कुछ करिश्मा दिखाया कि सारी किताबें नई जगह पर देखते ही देखते शिफ्ट हो गईं!



# जादूगर बच्चे

कनिका को किताबें पढ़ने का बहुत शौक था। यह शौक उसे अपनी दादी से मिला था। असल में दादी ने अपने घर में ही एक छोटी-सी लाइब्रेरी बना रखी थी। उस लाइब्रेरी में तरह-तरह की ज्ञानवर्धक किताबें थीं। दादी जब भी फुर्सत में होतीं, लाइब्रेरी में बैठकर किताबें पढ़तीं। लाइब्रेरी की किताबें बड़ों के लिए ही नहीं, बच्चों के लिए ज्ञानवर्धक थीं। दादी को पढ़ता देखकर कनिका भी लाइब्रेरी में जाने लगी। दादी ने अपनी लाइब्रेरी में बच्चों की ढेर सारी पत्रिकाएं, कॉमिक्स, स्टोरी बुक्स और जीके बुक्स लाकर रख दीं। ताकि कनिका को पढ़ने में दिलचस्पी पैदा हो। ये किताबें इतनी इंटरेस्टिंग थीं कि रविवार को कनिका के दोस्त भी वहां आकर किताबें पढ़ने लगे। धीरे-धीरे दादी की सहेलियों से ज्यादा वहां कनिका के दोस्त आने लगीं। दादी भी उनका पूरा ख्याल रखतीं। उन्होंने लाइब्रेरी को पूरी तरह बच्चों के लिए समर्पित कर दिया। अब तो आस-पास के खूब सारे बच्चे छुट्टी के दिन वहां जुटते। रविवार के दिन तो कनिका के घर में जैसे कोई बुक फेयर चल रहा होता। भीड़ बढ़ती देखकर दादी को महसूस हुआ कि लाइब्रेरी कहीं और शिफ्ट करनी पड़ेगी, क्योंकि अब घर में जगह कम पड़ने लगी थी।

जल्दी ही दादी ने घर के पास ही एक जगह देख ली। इसमें बड़ा-सा हॉल खाली पड़ा था, जिसके सामने एक छोटा-सा गार्डन भी था। बच्चे लाइब्रेरी से किताबें लेकर गार्डन में बैठकर पढ़ सकते थे। इसलिए दादी को यह जगह बहुत पसंद आई। उन्होंने लाइब्रेरी के लिए फर्नीचर का भी इंतजाम कर लिया, जिसमें किताबें रखी जा सकें और बच्चे बैठकर पढ़ सकें। जब लाइब्रेरी तैयार हो गई तो किताबें शिफ्ट करने की बारी आई। किताबें बहुत ज्यादा थीं। दादी घुटनों में दर्द के कारण बहुत चल-फिर नहीं पाती थीं। फिर किताबें किस तरह शिफ्ट की जाएं, दादी सोच में पड़ गईं। उन्होंने कनिका को अपनी चिंता बताई।

'दादी आप चौक पर से मजदूर लेकर आ जाएं, वो मजदूरी में कुछ पैसे लेकर किताबें वहां पहुंचा देंगे।' कनिका ने सुझाव दिया।

'लेकिन मेरे पास जितने भी पैसे थे, वह मैंने नई लाइब्रेरी के किराए और फर्नीचर के लिए दे दिया। अब तो मेरे पास बहुत कम पैसे बचे हैं, कब, कैसी जरूरत पड़ जाए पता नहीं, ये पैसे तब संकट में काम आएंगे। इन पैसे का मेरे पास रहना जरूरी है।' दादी ने कहा।

कनिका सोच में पड़ गई। बिना पैसे के तो कोई भी मजदूर नहीं आएगा। थोड़ी देर सोचने के बाद उसने चुटकी बजाते हुए जोर से कहा, 'आइडिया!'

दादी ने चौंक कर पूछा, 'कैसा आइडिया!'

'कल किताबें अपने-आप शिफ्ट हो जाएंगी। दादी बस आप देखती जाओ।' यह कहकर कनिका चली गई।

'किताबें अपने-आप कैसे शिफ्ट हो सकती हैं!' दादी मन ही मन सोच में पड़ गईं। अगले दिन रविवार था। दादी सब्जी लेने बाजार गई थीं। हर बार की तरह कनिका के सारे दोस्त और मोहल्ले के बच्चे कनिका के घर पहुंच गए। कनिका ने किताबें शिफ्ट करने की अपनी योजना के बारे में बच्चों को बताया। 'यह तो बहुत मजेदार प्लान है।' राहुल बोला। 'हां... हां...! यह तो किसी खेल जैसा है।' सुप्रिया बोली। फिर सारे बच्चे खुशी से चिल्लाते हुए चल पड़े। बच्चों ने कनिका के घर से शुरू करके नई लाइब्रेरी तक ह्यूमन चेन बना ली। फिर एक-एक किताब एक दूसरे को पास करने लगे। घंटे भर में ही सारी किताबें कनिका के घर से नई लाइब्रेरी तक पहुंच गईं। फिर बच्चों ने मिलकर किताबों को कायदे से रैक में लगा दिया। दादी जब लौटीं तो नई लाइब्रेरी में लगी किताबों को देखकर दंग रह गईं। 'यह सब कैसे हुआ?' दादी ने हैरानी से पूछा। 'जादू से...!' कनिका ने हंसते हुए कहा। सारे बच्चे भी हंस पड़े। बच्चों को हंसता देखकर दादी भी हंसते हुए बोलीं, 'बच्चे सच में जादूगर होते हैं, थैंक्यू मेरे जादूगर बच्चों!' *

बाल गीत
डॉ. आर. पी. सारस्वत



## रंग-बिरंगी बुक

रंग-बिरंगी बुक आई है।
बेहद सबके मन भाई है।।
इसका तो मुखपृष्ठ निराला।
बनी हुई इस पर है शाला।।
भीतर इसके बंदर, भालू।
लाल-टमाटर, बैंगन-कालू।।
वो देखो, वो हाथी-दादा।
खड़ा धूल का ओढ़ लबादा।।
फूलों से महकी है क्यारी।
तितली इनकी करे सवारी।।
काश! हमारे भी पर होते।
हम भी होते हरियल तोते।।
हमने उलट-पुलट ली सारी।
कितनी सुंदर, कितनी प्यारी।।
चलो, चलें अब घर चलते हैं।
विद्यालय में कल मिलते हैं।।

## रंग भरो-168

**रंग भरो-168** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





नक्श, हिसार



डॉली, दुर्ग



समृद्धि, शहडोल



तेजस, रायपुर



वाणी, रायपुर



अनन्य, बिलासपुर

इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

आदित्य-खैरागढ़, डॉली-मटियारी, प्रगति-बिलासपुर, रितेश-मटियारी, सार्थक-रायपुर, शौर्य-रोहतक, सौम्य-बालोद, वसनि-रायपुर, कार्तिक-खैरागढ़, रेयांश-बिलासपुर, कीर्ति-महासमुंद


## रंग भरो 169



बच्चों, इस ब्लैक एंड व्हाइट चित्र में सोनू और मोनी मस्ती के मूड में दिख रहे हैं। चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।

## चित्र पूरा करो

बच्चों, यहां बाईं तरफ एक आधा-अधूरा चित्र दिया गया है। दाहिनी तरफ इस चित्र के कुछ कट-आउट्स दिए गए हैं। इन कट-आउट्स को सही जगह लगाकर चित्र पूरा करो।




उत्तर: A-5, B-3, C-2

## खबर संक्षेप

### सट्टा खाईवाल करते एक गिरफ्तार, रुपये बरामद

**हांसी।** सदर थाना पुलिस ने सट्टा खाईवाल करते हुए एक व्यक्ति को 2550 रुपए के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान सिसाय कालीरावण निवासी साधुराम के रूप में हुई है। हांसी सदर पुलिस ने सिसाय कालीरावण में धर्मशाला के पास दुकान में सट्टा खाईवाल करते हुए साधूराम को 2550 रुपये सहित गिरफ्तार करके सट्टा पर्ची व रुपये कब्जे में ले लिए।

### उद्‌घोषित आरोपी गिरफ्तार

**हांसी।** सीआईए स्टाफ हांसी ने एक उद्धघोषित आरोपी भिवानी जिले के गांव लक्ष्मणपुरा निवासी पवन को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार पकड़े गए आरोपी को अदालत ने चैक बाउंस के मामले में उद्धघोषित अपराधी करार दिया हुआ था। उसे अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### हेरोइन सप्लायर पंजाब से गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** एसपी आस्था मोदी के दिशा-निर्देशानुसार जिला पुलिस नशा तस्करों के साथ-साथ सप्लायरों की भी धरपकड़ कर सलाखों के पीछे भेज रही है। रतिया क्षेत्र में हेरोइन सहित पकड़े गए युवक के मामले में पुलिस ने उसे हेरोइन सप्लाई करने के आरोपी को पंजाब से गिरफ्तार किया है। पकड़े गए युवक की पहचान गुरप्रीत सिंह उर्फ गोलू पुत्र कृपाल सिंह निवासी वार्ड नं. 13, भिखी, पंजाब के रूप में हुई है। आरोपी को माननीय अदालत में पेश कर हिसार जेल भेजा गया है।

### टोहाना में भाखड़ा नहर में मिला महिला का शव

**फतेहाबाद।** जिले के शहर टोहाना में भाखड़ा नहर से एक महिला का शव बरामद हुआ है। चण्डीगढ़ रोड स्थित भाखड़ा नहर में महिला का शव मिलने की सूचना मिलते ही टोहाना पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और बाद में गोताखोर नवजोत ढिल्लो और उनकी टीम की मदद से शव को बाहर निकाला गया। महिला की उम्र लगभग 55 साल के करीब है और उसने कानों में टॉप्स और कोका, हाथों में चुड़ियां और सोने का कड़ा पहने हुए है। शव की स्थिति से अनुमान लगाया जा रहा है कि यह एक-दो दिन ही पुराना है। पुलिस ने शव को पहचान के लिए नागरिक अस्पताल के शवगृह में 72 घंटों के लिए रखवाया है और आसपास के थानों को सूचित कर दिया है।

### धूमधाम से आज मनाया जाएगा बाबा रामदेव मेला

**सिरसा।** रामदेव मंदिर में बाबा रामदेव का मेला 7 फरवरी को धूमधाम से मनाया जाएगा। मंदिर के पुजारी बाल मुकंद ने बताया कि हर बार कि भांति इस बार भी मंदिर परिसर में बाबा रामदेव का मेला श्रद्धा के साथ मनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि माघ सुदी नवमीं आगामी 6 फरवरी को मंदिर परिसर में रात्रि जागरण का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा। जागरण में राजस्थान से आए भजन गायक भजनों के माध्यम से बाबा रामदेव महाराज की महिमा का गुणगान करेंगे। उन्होंने बताया कि आगामी 7 फरवरी माघ सुदी दसमीं को मदिर परिसर में बाबा रामदेव के मेला का आयोजन होगा।

## भारतीय वैज्ञानिकों ने दुनिया को विज्ञान, तकनीक व नवाचार में दिखाई राह

# विद्यार्थियों के सृजनात्मक कौशल की पहचान कर उसे बढ़ाएं शिक्षक: वीसी

**ऐसे भारत की परिकल्पना करें, जो ज्ञान की दृष्टि से खाद्य सुरक्षा के साथ पर्यावरण संरक्षण में आगे रहे**

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने कहा है कि हमें ऐसे भारत की परिकल्पना करनी है जो ज्ञान की दृष्टि से सर्वोपरि हो तथा नागरिकों को खाद्य सुरक्षा मुहैया कराने के साथ-साथ प्रकृति का संरक्षण भी करे। उन्होंने कहा कि विज्ञान से ही यह संभव बनाया जा सकता है। प्रो. काम्बोज गुरुवार को गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में आयोजित हुए विज्ञान उत्सव के समापन समारोह को मुख्य अतिथि के तौर पर संबोधित कर रहे थे। गुजवि के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई इस समारोह में मुख्य संरक्षक के तौर पर उपस्थित रहे। प्रो. कम्बोज ने कहा कि विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण उत्पन्न करने की जिम्मेदारी देश के शिक्षकों की है। शिक्षकों को चाहिए कि वे अपने विद्यार्थियों के सृजनात्मक कौशल की पहचान करें तथा उस कौशल को बढ़ाने के लिए कार्य करें। कुलपति प्रो. बिश्नोई ने कहा है कि भारत में विज्ञान की समृद्ध परम्परा है। भारतीय वैज्ञानिकों ने दुनिया को विज्ञान, तकनीक एवं नवाचार के क्षेत्र में प्राचीन काल से ही राह दिखाई है। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डा. विजय कुमार ने इस अवसर पर कहा कि यह विज्ञान उत्सव स्कूली विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच उत्पन्न करने में मील का पत्थर साबित होगा। एसपीएसटीआई के सचिव प्रो. केया धर्मवीर ने तीन दिवसीय विज्ञान उत्सव की विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की। साइंस उत्सव की नोडल ऑफिसर डीन एफपीएसटी प्रो. सुजाता सांघी ने स्वागत संबोधन किया तथा एसपीएसटीआई के अध्यक्ष धर्मवीर सिंह (सेवानिवृत आईएएस) ने धन्यवाद किया।



**हिसार।** विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित करते मुख्य अतिथि हकृवि कुलपति प्रो .बीआर काम्बोज, साथ हैं गुजवि कुलपति प्रो . नरसी राम बिश्नोई एवं अन्य अतिथिगण। *फोटो: हरिभूमि*

### स्कूल श्रेणी में ये रहे मॉडल प्रदर्शनी के विजेता

मॉडल प्रदर्शनी की स्कूल श्रेणी में प्रथम स्थान ओपी जिंदल मॉडर्न स्कूल हिसार के विवेन गोयल व सना तथा मनास गोयल व आरव शर्मा की टीमों को मिला। दूसरे स्थान पर जीएमएस दयाल सिंह कॉलोनी हांसी के हैप्पी व रोनक, पीएमश्री जीएसएसएस गंगवा की हिमांशी व महक, एसएंडटी जीएसएस डोभी के अनश व विशान, जीएसएस पुठठी सामण के सागर तथा आदर्श हाई स्कूल आदमपुर की एकता व करीना की टीमों को मिला।

### कॉलेज श्रेणी में ये रहे विजेता

मॉडल प्रदर्शनी की महाविद्यालय श्रेणी में प्रथम स्थान राजकीय महाविद्यालय बरवाला के संजय कुमार, कॉलेज ऑफ फिशरी साइंस, सीसीएस हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार की सुहानी, अवनीश, लवीश शरण, मोहित, अजय, जय सैनी, कार्तिक व दीपक की टीम को संयुक्त रूप से मिला। दूसरे स्थान पर सीआरएम जाट महाविद्यालय हिसार की तनवी, सोनिका, उमंग व जसविन्द्र की टीम रही।

### विकसित भारत-2047 स्वास्थ्य सेवा प्रबंधन में पर संयुक्त सम्मेलन आज

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के हरियाणा स्कूल ऑफ बिजनेस (एचएसबी) की ओर से भारतीय चिकित्सा संघ (आईएमए-हरियाणा) के सहयोग से होने वाले विकसित भारत-2047 के लिए स्वास्थ्य सेवा प्रबंधन में परिवर्तनः हितधारक सम्मेलन की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। यह सम्मेलन 7 फरवरी को विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित किया जाएगा, जिसमें स्वास्थ्य प्रबंधन से जुड़े विभिन्न विषयों पर विशेषज्ञों और नीति निमार्ताओं के विचार-विमर्श होंगे। स्वास्थ्य सेवाएं हरियाणा के डॉ. मनीष बंसल सम्मेलन के उद्‌घाटन समारोह के मुख्य अतिथि होंगे व विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई कार्यक्रम के संरक्षक होंगे। इस अवसर पर आईएमए हरियाणा शाखा के अध्यक्ष डॉ. महावीर जैन और नागरिक अस्पताल हिसार की सीएमओ डॉ. सपना गहलावत को सम्मानित अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है। इसके अतिरिक्त उजाला सिग्नस हॉस्पिटल्स के संस्थापक एवं निदेशक डॉ. सुचिन बजाज इस सत्र के मुख्य वक्ता होंगे। गुजविप्रौवि के कुलसचिव डॉ. विजय कुमार विशेष अतिथि के रूप में सम्मेलन में भाग लेंगे।



**हिसार।** मंच पर उपस्थित कुलपति प्रो . बीआर काम्बोज व अन्य। *फोटो: हरिभूमि*

## जलवायु परिवर्तन : कृषि क्षेत्र पर प्रभाव करने के उपायों पर की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में अखिल भारतीय समन्वित कृषि-मौसम विज्ञान अनुसंधान परियोजना के तहत जलवायु परिवर्तन विषय पर एक दिवसीय किसान जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज मुख्य अतिथि रहे। कार्यक्रम में किसानों को जलवायु परिवर्तन से कृषि क्षेत्र पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों को कम करने के उपायों के बारे में जानकारी दी गई। कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने गुरुवार को बताया कि जलवायु परिवर्तन के कारण तापमान में लगातार वृद्धि हो रही है। इसके कारण बाढ़, सूखा, कृषि संकट, खाद्य सुरक्षा और बीमारियों का खतरा भी बढ़ता जा रहा है जिससे फसलों के उत्पादन में भी गिरावट आने की संभावना है। वायुमंडल का तापमान बढ़ने से विभिन्न फसलों के उत्पादन पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। गेहूं, सरसों, जौ और आलू सहित विभिन्न फसलों को कम तापमान की आवश्यकता होती है जबकि तापमान का बढना उनके लिए हानिकारक होता है, अधिक तापमान बढ़ने से मक्का, ज्वार और धान आदि फसलों का क्षरण (नाश) हो सकता है। उन्होंने बताया कि जलवायु परिवर्तन के कारण तापमान में वृद्धि होने से वर्षा में भी कमी आ जाती है। कार्बनडाइऑक्साइड, कीट एवं रोगों में भी जलवायु परिवर्तन के कारण वृद्धि होती है। कुलपति ने किसानों से कहा कि वे पौधारोपण, मृदा प्रबंधन, ड्रिप सिंचाई, सौर उर्जा का उपयोग करके कृषि क्षेत्र को जलवायु परिवर्तन से बचा सकते हैं। उन्होंने कहा कि किसान छोटी-छोटी बातों को ध्यान में रख कर बढ़ते हुए तापमान को रोकने अथवा कम करने में अपना योगदान दे सकते हैं।

### निर्धारित मापदंड अपनाएं

अनुसंधान निदेशक डॉ. राजबीर गर्ग ने बताया कि वर्षा जल के उचित प्रबंधन, जैविक एवं मिश्रित, कृषि फसल उत्पादन में नई तकनीक का विकास तथा जलवायु स्मार्ट कृषि के तहत निर्धारित मापदंडों को अपनाकर जलवायु परिवर्तन को कृषि के क्षेत्र में कम किया जा सकता है।

### जागरूकता जरूरी

छात्र कल्याण निदेशक व मौसम विभाग के अध्यक्ष डॉ. मदन खीचड़ ने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा जलवायु परिवर्तन को लेकर समय-समय पर किसानों के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। कार्यशाला में डॉ. अनिल कुमार, डॉ. सुरेन्द्र सिंह, डॉ. चंद्रशेखर डागर ने भी जलवायु परिवर्तन के बारे में किसानों को विस्तृत जानकारी दी।

# यातायात पुलिस अधिकारी ने किया विद्यार्थियों को जागरूक

- केएल आर्य डीएवी पब्लिक स्कूल में कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

केएल आर्य डीएवी पब्लिक स्कूल में आयोजित विद्यार्थियों की सभा में ट्रेफिक पुलिस के एएसआई विजेन्द्र सिंह ने विद्यार्थियों को सडक़ सुरक्षा के महत्वपूर्ण नियमों से अवगत करवाया। उन्होंने छात्रों को तेज गति से वाहन न चलाने और वाहन चलाते समय सतर्क रहने की सलाह दी। इसके अतिरिक्त उन्होंने सडक़ और चौराहे पार करने के नियम, ट्रेफिक सिग्नलस की जानकारी, हेल्मेट अनिवार्यता एवं वाहन चलाते समय मादक पदार्थों और मोबाइल न चलाने का निर्देश दिया। उन्होंने बताया कि यातायात के नियमों का पालन करना सभी का कर्तव्य है।


**हिसार।** केएल आर्य स्कूल में विद्यार्थियों को यातायात के नियमों की जाकनारी देते ट्रेफिक पुलिस के एएसआई विजेन्द्र सिंह। *फोटो: हरिभूमि*

# नौजवान सभा का दो दिवसीय राज्य सम्मेलन

- तैयारियों के लिए बैठक करके किया स्वागत समिति का गठन

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

भारत की जनवादी नौजवान सभा का 16वां राज्य सम्मेलन 22 व 23 मार्च को होगा। हिसार की जाट धर्मशाला में होने वाले डीवाईएफआई के 16वें राज्य सम्मेलन की तैयारी के लिए स्वागत समिति का गठन किया गया। बैठक की अध्यक्षता डीवाईएफआई के जिला प्रधान पकंज बगला व पूर्व छात्र नेता एवं रिटायर्ड बैंक मैनेजर योगेश शर्मा ने की जबकि संचालन जिला सचिव जितेन्द्र बूरा ने किया।जिला सचिव जितेन्द्र बूरा ने गुरुवार को बताया कि इस संबंध में जवाहर नगर स्थित सूबेसिंह स्मारक भवन हुई बैठक में राज्य सम्मेलन की सफलता व उसके प्रबंधन के लिए स्वागत समिति का गठन किया गया। इस बैठक में योगेश शर्मा को प्रधान व शमशेर नबंरदार, कामरेड सुरेश, कर्मचारी नेता धर्मवीर फोगाट, शकुंतला जाखड़, डाक्टर रमेश सिधड़ व दिनेश सिवाच को उप प्रधान बनाने का प्रस्ताव पास किया गया जबकि कोषाध्यक्ष अशोक बूरा को बनाया गया।



**हिसार।** जनवादी नौजवान सभा की बैठक को संबाधित करते वक्ता।

# बिश्नोई सभाः नई कार्यकारिणी के गठन के लिए कमेटी गठित

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

- 28 जनवरी 2025 को हुई थी बिश्नोई सभा की बैठक

भाजपा नेता एवं पूर्व सांसद कुलदीप बिश्नोई ने बिश्नोई सभा हिसार की नई कार्यकारिणी के गठन के लिए सुभाष देहडू की अध्यक्षता में सात सदस्यीय एक कमेटी का गठन किया है। सभा हिसार को प्रेषित पत्र में कहा गया है कि गत 28 जनवरी 2025 को बिश्नोई सभा हिसार की आम सभा की बैठक बिश्नोई मंदिर हिसार के प्रांगण में आयोजित की गई थी। मौजूदा कार्यकारिणी का कार्यकाल पूरा होने पर नई कार्यकारिणी के गठन के लिए सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी के गठन का प्रस्ताव पारित कर उन्हें आगामी कार्यवाही के लिए अधिकार सौंपा था। नई कार्यकारिणी सर्वसम्मति से गठन करने के लिए सुभाष चन्द्र बिश्नोई की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया गया है जो समस्त सदस्यों के साथ-साथ समाज के सभी प्रबुद्धजनों से विचार-विमर्श करके उनके सुझाव रखेंगे। सचिव बलदेव खोखर, लीलूराम बिश्नोई, राजाराम खिचड़, सहदेव कालीराणा तथा भूप सिंह गोदारा को शामिल किया गया है।

# दयानंद महाविद्यालय के विद्यार्थियों को दिखाई 'ट्रेन टू पाकिस्तान' मूवी

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

दयानंद महाविद्यालय के अंग्रेजी विभाग में विद्यार्थियों को खुशवंत सिंह के उपन्यास पर आधारित 'ट्रेन टू पाकिस्तान' मूवी दिखाई गई। मूवी दिखाने का मकसद ये था कि इस मूवी के माध्यम से विद्यार्थियों को देश के विभाजन से सम्बन्धित जानकारी देते हुए आमजन द्वारा सहन की गई तकलीफों से अवगत करवाया जा सके। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह ने गुरुवार को विद्यार्थियों को इस प्रकार की ऐतिहासिक जानकारी से अवगत करवाने के लिए अंग्रेजी विभाग की विभागाध्यक्षा तथा शिक्षकों की सराहना की। मूवी के माध्यम से सीख लेकर आगे बढ़ने तथा समाज के प्रति सद्भावना बनाये रखने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर विद्यार्थियों के साथ डॉ. यशु तायल, डॉ. वेलेरिया सेठी, प्रो. मधुर वेदांत, प्रो. मंजीत सिंह, प्रो. सुमित, लैब इंचार्ज डॉ. रीतू सरदाना तथा लैब अटैण्डेंट जगदीश कुमार इत्यादि उपस्थित रहे।


**हिसार।** दयानंद कॉलेज में मूवी देखते विद्यार्थी। *फोटो: हरिभूमि*

# सीडीएलयू में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग द्वारा आयोजित अंतर्विभागीय क्विज प्रतियोगिता में लोक प्रशासन विभाग की मीनाक्षी और ज्योति की टीम प्रथम स्थान पर व शिक्षा विभाग के बीएड की छात्रा नवजोत व सुरीत पाल की टीम दूसरे स्थान पर रही। तीसरे स्थान पर पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के मोहित और ज्योति की टीम और बीएड आईटेप की महक व समीर की टीम संयुक्त विजेता रही। बोटनी विभाग की छात्रा आंचल व शालू की टीम को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। विभाग द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता का संचालन विभाग के अध्यक्ष प्रो. सेवा सिंह बाजवा द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य इंटरडिसिप्लिनरी ज्ञान को बढ़ावा देना था। इस प्रतियोगिता में मीडिया, भारतीय संविधान, हरियाणा का सामान्य ज्ञान आदि विषयों पर 8 राउंड्स का आयोजन किया गया। विभिन्न विभागों से 27 टीमों ने इस प्रतियोगिता के लिए पंजीकरण करवाया।



### समाजसेवी आनंद प्रकाश को मिला सम्मान

**हिसार।** पटेल नगर वार्ड नंबर 16 निवासी समाजसेवी एवं सेवानिवृत सह कार्यकारी अभियंता आनंद प्रकाश को खाटू श्याम मंदिर में सम्मानित किया गया। इस मौके पर समाजसेवी आनंद प्रकाश ने कहा कि सच्चे मन से श्री श्याम बाबा (खाटू नरेश) की आराधना करेंगे तो बाबा हमारे सभी कष्टों का निवारण करेंगे और हमारी मनोकामना सिद्ध करेंगे।

आनंद प्रकाश ने कहा कि शीश के दानी खाटू श्याम हारे के सहारे हैं और जो उनकी शरण में आ जाता है उसे बाबा हारने नहीं देते। जब हर तरफ से निराश होकर कोई भी इनकी शरण में आते हैं तो वे अपने भक्त का हर प्रकार से उद्धार करते हैं।

## अग्रसेन भवन में भक्तमाल कथाव हरि नाम संकीर्तन का छठा दिन

# सच्चे भक्त हरिदास ने वैश्या का उद्धार किया

- राष्ट्रीय संत गौरदास महाराज के सान्निध्य में निकाला नगर कीर्तन
- शहर में निकाला नगर कीर्तन निकाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

गोविन्द की गली परिवार श्रीधाम वृंदावन एवं लाला लखीराम आदमपुरिया परिवार द्वारा प्रसिद्ध भजन गायक विनोद अग्रवाल की पावन स्मृति में अग्रसेन भवन में चल रही भक्तमाल कथा एवं हरि नाम संकीर्तन के छठे दिन प्रातःकाल राष्ट्रीय संत गौरदास महाराज के सान्निध्य में नगर कीर्तन निकाला गया जो शिव मंदिर, एमसी कॉलोनी से चलकर आसपास के क्षेत्रों से होता हुआ विश्वास स्कूल, अर्बन एस्टेट के निकट समाप्त हुआ। सेवादार रमेश गोयल ने सभी श्रद्धालुओं का स्वागत किया। राष्ट्रीय संत गौरदास महाराज ने भक्त हरिदास ठाकुर के प्रसंग का वर्णन करते हुए कहा कि एक जाति विशेष के लोगों ने एक बार वैश्या से कहा कि तुम हरिदास ठाकुर को भ्रष्ट कर दो तुम्हे मुंहमांगा पैसा दिया जाएगा, वैश्या हरिदास ठाकुर के पास गई और बोली कि मुझे स्वीकार करो, उन्होंने कहा कि मेरी अभी नाम संख्या पूरी नहीं हुई है, जैसे ही मेरी संख्या पूरी हो जाएगी मैं तुम पर कृपा करूंगा। कथा उपरांत भजन गायक जतिन विनोद अग्रवाल ने भजनों की वर्षा करते हुए समां बांध दिया। भजनों पर श्रद्धालु घंटों तक झूमते रहे।


**हिसार।** नगर कीर्तन में भाग लेते राष्ट्रीय संत गौरदास महाराज व श्रद्धालु।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर अग्रसेन भवन के प्रधान अंजनी कुमार खारियावाला, नोरंग राय गोयल, रामनिवास गोयल आदमपुरिया, रामनिवास कोहलीवाले, रमेश गोयल, ललित अग्रवाल, वीरचंद्र दास, भारत भूषण, रविकांत, विक्रम वालिया सहित अन्य सेवादार उपस्थित रहे।

**सूचना**

मैं, अनुराग (पुराना नाम) पुत्र सुभाष निवासी सेखुपुर रोड, सदलपुर तहसील आदमपुर जिला हिसार, हरियाणा, भारत-12505 बयान करता हूं कि मैंने अपना नाम अनुराग से बदलकर अनुराग बिश्नोई कर लिया है। भविष्य में मुझे अनुराग बिश्नोई के नाम से जाना जाए।

**सूचना**

मैं, अनमोल (पुराना नाम) पुत्र तेजा सिंह निवासी मकान नंबर 100, ब्लॉक नंबर 4, सदलपुर तहसील आदमपुर जिला हिसार, हरियाणा, भारत-125052 बयान करता हूं कि मैंने अपना नाम अनमोल से बदलकर अनमोल सिहाग कर लिया है। भविष्य में मुझे अनमोल सिहाग के नाम से जाना जाए।

## खबर संक्षेप

### बस में महिला के बैग से गहने व नकदी चोरी

**हांसी।** निजी परिवहन बस में सवार एक महिला के बैग से आभूषण व नकदी चोरी होने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने महिला की शिकायत के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी गई शिकायत में महिला रितू ने बताया कि वह सिंधड़ गांव की रहने वाली है और 31 जनवरी को सुबह करीब साढ़े नौ बजे एक निजी बस में सवार होकर हांसी आ रही थी। बस में भीड़ अधिक होने के चलते उसने अपना बैग बस के बोनट पर रख दिया। थोड़ी देर बाद पीछे एक सीट खाली होने पर उस पर जाकर बैठ गई और हांसी बस स्टैंड पर पहुंचने के बाद जब उसने बस से नीचे उतर कर अपना बैग संभाला तो उसमें रखे उसके आभूषण व नकदी गायब मिले।

### चोरी की मोटरसाइकिल के साथ एक गिरफ्तार

**हांसी।** सदर थाना पुलिस ने चोरी की मोटरसाइकिल सहित मय्यड़ गांव निवासी बजरंग को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने पिछले वर्ष 15 फरवरी को कंवारी गांव में शादी समारोह दौरान मोटरसाइकिल चोरी की थी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करके उससे मोटरसाइकिल बरामद कर लिया है। उसे अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### समर्थ किसान गोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन

**नारनौंद।** समर्थ किसान गोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन गांव माढ़ा में किया गया। इसमें किसानों को अच्छी पैदावार लेने के लिए जागरूक किया गया। कार्यक्रम में डॉ. पवन भारद्वाज प्रखंड कृषि पदाधिकारी, अमरीक सिंह, आरजीबी सदस्य इफको, कृष्ण सरपंच माढ़ा, दिनेश उपप्रधान माढ़ा पैक्स, जयबीर समिति सदस्य माढ़ा पैक्स, अभय सिंह एरिया अधिकारी इफको हिसार, पारस, एरिया अधिकारी इफको हांसी, बदन सिंह प्रबंधक माढ़ा पैक्स एवं लगभग 100 किसान उपस्थित थे।

### 790 ग्राम गांजा सहित एक गिरफ्तार

**मंडी आदमपुर।** नशीले पदार्थों का व्यापार करने वालों पर कार्रवाई करते हुए आदमपुर पुलिस ने सामान्य अस्पताल मंडी आदमपुर के सामने पार्क के पास से एक व्यक्ति को काबू कर 790 ग्राम गांजा बरामद किया है। थाना प्रभारी उप निरीक्षक हरीश चंद्र ने बताया कि पुलिस टीम को गश्त के दौरान सामान्य अस्पताल मंडी आदमपुर के सामने पार्क के पास एक व्यक्ति के नशीला पदार्थ लिए होने के बारे में सूचना मिली। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची तो वहां से एक युवक को हिरासत में लिया गया। पूछताछ में उसने अपना नाम गांव काबरेल निवासी पवन बताया। तलाशी लेने पर पवन के कब्जे से एक पॉलिथीन की थैली में 790 ग्राम गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने गांजा बरामद करके पवन के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया है।

रोमांचित हुए हिसारवासी, दिल की धड़कनें भी बढ़ीं

# प्रशिक्षण शिविरः आसमान में गूंजी लड़ाकू विमान सुखोई की गर्जना

**विमानों की गर्जना सुनकर देखने के लिए अपने घरों से बाहर निकले लोग, फाइटर की झलक पाने को भी दिखे आतुर**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार



हिसार। हवाई पट्टी पर खड़ा लड़ाकू विमान सुखोई। फोटो : हरिभूमि



हिसार। उड़ान भरता लड़ाकू विमान सुखोई। फोटो : हरिभूमि

रूसी लड़ाकू विमान सुखोई की दहाड़ एक बार फिर हिसार के आसमान में गूंज उठी। तेज गर्जना से दिलों की धड़कनें तेज हो गईं और रोमांच से भरा यह नजारा हर किसी के लिए अविस्मरणीय बन गया। जब आसमान में गूंजती आवाज कई किलोमीटर दूर तक सुनाई दी, तो शहरवासी घरों और दुकानों से बाहर निकलकर इन फाइटर जेट्स की झलक पाने के लिए उत्सुक नजर आए। पूरे दिन शहर में विमानों की उड़ानों को लेकर चर्चा बनी रही और लोग गर्दन उठाकर आसमान की ओर ताकते रहे।

चार दिवसीय भारतीय वायुसेना के विशेष प्रशिक्षण अभियान के तीसरे दिन भी दो सुखोई विमानों ने महाराजा अग्रसेन हवाई अड्डे से उड़ान भरी और अभ्यास किया। सुबह से दोपहर तक दो बार उड़ान भरने के बाद दोनों लड़ाकू विमान सिरसा एयरफोर्स स्टेशन लौट गए। जब दोनों फाइटर जेट्स एक साथ हिसार के नीले आसमान को चीरते हुए आगे बढ़े, तो वह दृश्य देखने लायक था। इस तरह का रोमांचक नजारा हिसार के लोगों ने शायद पहली बार देखा।

#### हर स्थिति से निपटने को तैयार एयरफोर्स

भारतीय वायुसेना ने इस अभ्यास के दौरान हर आपात स्थिति से निपटने की मुकम्मल व्यवस्था की थी। रनवे पर फायर ब्रिगेड और एंबुलेंस पूरी सतर्कता के साथ तैयार खड़ी थीं। लड़ाकू विमानों में ईंधन भरने के लिए भारत पेट्रोलियम के तीन बड़े टैंकर विशेष विमान ईंधन लेकर पहुंचे। चार दिवसीय प्रशिक्षण अभियान में पहले दिन तैयारियों और आवश्यक साजो-सामान को व्यवस्थित करने में बीता, जबकि अंतिम दिन पूरी प्रक्रिया की रिपोर्ट तैयार की जाएगी।

हालांकि, दो दिनों तक विमानों ने हिसार के आकाश में अपनी ताकत का प्रदर्शन किया और इस अभ्यास को पूरी तरह सफल माना जा रहा है। इससे पहले, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विशेष विमान भी हिसार की 10,000 फीट लंबी हवाई पट्टी पर उतर चुका है, जिससे यह साबित होता है कि हिसार एयरपोर्ट किसी भी बड़े विमान के लिए पूरी तरह सक्षम है।

#### लोग घंटों तक करते रहे उड़ानों का इंतजार

लड़ाकू विमानों की गर्जना सुनकर और उन्हें इतने करीब से उड़ान भरते देखना लोगों के लिए एक अविस्मरणीय अनुभव बन गया। कई लोग घंटों तक विमान की उड़ान का इंतजार करते रहे, और जब उन्होंने इसे अपनी आंखों से देखा, तो उनकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा। हालांकि, कुछ लोग ऐसे भी थे जो इस नजारे को देखने से चूक गए और मायूस नजर आए। इस रोमांचक अनुभव के बाद अब शहर में यह चर्चा तेज हो गई है कि हिसार एयरपोर्ट जल्द ही पूरी तरह से संचालित होगा, और यात्री विमान भी नियमित रूप से उड़ान भरने लगेंगे। भारतीय वायुसेना के इस सफल प्रशिक्षण अभियान ने हिसार के हवाई अड्डे की उपयोगिता और संभावनाओं को और मजबूत कर दिया है।



हिसार। मॉडल के साथ विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

## जेनेटिक इजीनियरिंग-डिजाइनर बेबी मॉडल ने बटोरी खूब प्रशंसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

गुरु जंभेश्वर यूनिवर्सिटी में चल रहे विज्ञान उत्सव में छाजू राम मेमोरियल जाट कॉलेज ने एक उत्कर्ष मॉडल, जेनेटिक इजीनियरिंग एंड डिजाइनर बेबी को प्रस्तुत किया। इसको सभी विद्यार्थियों और अध्यापकों द्वारा खूब सराहा गया। क्लस्टर्ड रेगुलरली इंटरस्पेस्ड शॉर्ट पैलिंड्रोमिक रिपीट्स ( सी आ र आ ई ए स पी आ र ) टेक्नोलॉजी आजकल एक नई जेनेटिक इंजीनियरिंग की ब्रांच है जिसके द्वारा वैज्ञानिक गर्भ में ही बच्चों के असाध्य बीमारियों का इलाज करते हैं ताकि स्वस्थ बच्चों का जन्म हो सके। जूलॉजी विभाग की छात्रा तन्वी, उमंग, सोनिका व जसविंदर ने बताया कि आजकल बच्चों में जेनेटिकली रोग हो जाते हैं। वैज्ञानिक जिन पर टेक्नोलॉजी का प्रयोग कर भ्रूण में ही उसका इलाज कर सकते हैं।

टेक्नोलॉजी के द्वारा विभिन्न प्रकार की नई प्रजातियां तैयार की जा सकती है। जाट कॉलेज के जूलॉजी विभाग के अध्यक्ष डॉ. सुरेश कुमार ने बताया कि आधुनिक मॉलेक्युलर टेक्नोलॉजी के द्वारा पीढ़ी दर पीढ़ी होने वाले असाध्य रोगों का इलाज सीआरआईएसपीआर टेक्नोलॉजी के द्वारा किया जा सकता है। इस विधि का उपयोग कर कैंसर ट्रीटमेंट और डिजाइनर बेबी भी पैदा किया जा सकते हैं। इस मॉडल को मनीषा की देखरेख में तैयार किया गया।

### 190 ग्राम चरस के साथ एक काबू

**हांसी।** एंटी नारकोटिक्स सेल ने कार्रवाई करते हुए भिवानी जिले के गांव बड़सी निवासी कुलदीप को 190 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार एंटी नारकोटिक्स सेल पुलिस ने गश्त के दौरान ढाणा खुर्द गांव के समीप नाकाबंदी करके एक मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति को रुकवाकर पूछताछ की। तलाशी में आरोपी के कब्जे से 190 ग्राम चरस बरामद हुई। पुलिस ने उस पर केस दर्ज कर लिया है।






## गुजवि की चार छात्राओं को मिली प्लेसमेंट

### गुजवि में कैंपस प्लेसमेंट आयोजित

- विश्वविद्यालय के चार विद्यार्थियों को मिली नौकरी, वीसी और रजिस्ट्रार ने चयनित विद्यार्थियों को दी बधाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालयके ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के सौजन्य से नोएडा स्थित इंडियामार्ट प्राइवेट लिमिटेड के ई-कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में विश्वविद्यालय के चार विद्यार्थियों का चयन हुआ है। चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई व कुलसचिव डॉ. विजय कुमार ने कहा कि गुजवि अपने अत्याधुनिक पाठ्यक्रमों के साथ-साथ बुनियादी ढांचे के माध्यम से कॉरपोरेट के लिए कुशल कार्यबल प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। प्री-प्लेसमेंट टॉक के दौरान एचआर कृतिका सिंह ने बताया कि इंडियामार्ट प्राइवेट लिमिटेड भारत का सबसे बड़ा ऑनलाइन बी2बी मार्केटप्लेस है, जो खरीदारों को आपूर्तिकर्ताओं से जोड़ता है।

प्लेसमेंट निदेशक डॉ. प्रताप सिंह ने बताया कि इंडियामार्ट प्राइवेट लिमिटेड की पूरी भर्ती प्रक्रिया में प्री-प्लेसमेंट वार्ता के उपरांत तकनीकी साक्षात्कार व एचआर साक्षात्कार शामिल रहे।

सहायक निदेशक डॉ. आदित्य वीर सिंह ने कहा कि चयनित विद्यार्थी एमबीए बिजनेस एनालिटिक्स की ज्योति व सरिता देवी, एमबीए जनरल से अलीष व एमबीए मार्केटिंग से प्राची बंसल हैं। प्लेसमेंट ड्राइव का समन्वय एमबीए जनरल के अजय ने किया।



हिसार। प्लेसमेंट पाने वाले विद्यार्थी। फोटो: हरिभूमि

## आठ विद्यार्थियों को मिली कंपनी में प्लेसमेंट

- दक्ष बहुतकनीकी संस्थान के 40 विद्यार्थी हुए शामिल।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

गुरु दक्ष राजकीय बहुतकनीकी संस्थान में फैशन टैक्नोलोजी, फैशन डिजाइन व फाइनेंस अकाउंट एंड आडिटिंग विभाग से लगभग 40 विद्यार्थियों का नोरस्पिन इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटिड, गुरुग्राम द्वारा कैम्पस किया गया। टीपीओ डॉ. मुकेश बसंल ने बताया कि साक्षात्कार के दौरान कम्पनी ने 2022-25 बैच के कुल 40 छात्रों में से 8 छात्रों को चयनित किया गया। इसमें चार फैशन टैक्नोलोजी, दो फैशन डिजाइन तथा दो फाइनेंस अकाउंट एंड आडिटिंग विभाग के छात्र है और मार्च महीने में चयनित छात्रों को ज्वाइनिंग दी जाएगी।

इन छात्रों को वार्षिक 2.10 लाख रुपये के पैकेज पर नियुक्त किया गया है। प्रधानाचार्य डॉ. सुनील कुमार ने सभी विद्यार्थियों को डिप्लोमा पूरा होने से पहले नौकरी मिलने पर बधाई दी। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष तरूण शर्मा, गरीमा अहलावत, संदीप ओला, तुषार जैन, साहिल बिश्नोई इत्यादि टाफ सदस्य मौजूद रहे।

## लक्ष्मीबाई कॉलेज में फास्ट फूड प्रशिक्षण के सर्टिफिकेट वितरित



हिसार। प्रशिक्षण कोर्स के सर्टिफिकेट के साथ छात्राएं। फोटो: हरिभूमि

- कोर्स में कॉलेज की 35 छात्राओं ने लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

भिवानी रोहिल्ला स्थित महारानी लक्ष्मीबाई कॉलेज में आज पीएनबी ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान गंगवा हिसार द्वारा छात्राओं को फास्टफूड प्रशिक्षण कोर्स के सर्टिफिकेट प्रदान किए गए। इस अवसर पर महाविद्यालय चेयरमैन भारत भूषण प्रधान ने सभी छात्राओं को सर्टिफिकेट वितरित किए। उन्होंने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि स्व-रोजगार का अर्थ है बिना किसी और के काम किए और बिना किसी और द्वारा भुगतान किए आय अर्जित करना। आज के समय में स्व-रोजगार वाले व्यक्ति कई तरह के व्यवसायों में शामिल हो सकते हैं लेकिन आम तौर पर किसी विशेष प्रकार के काम में अत्यधिक कुशल होते हैं।

प्रशिक्षण संस्थान से आई चंचल ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि ग्रामीण स्वरोज़गार प्रशिक्षण संस्थान (आरएसईटीआई) की मदद से ग्रामीण युवाओं को रोज़गार के लिए कौशल प्रशिक्षण दिया जाता है। महाविद्यालय डायरेक्टर डॉ. नीलम प्रभा ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि कौशल विकास के लिए स्वरोजगार प्रशिक्षण बहुत जरूरी है। इस कोर्स में महाविद्यालय की 35 छात्राएं हिस्सा लिया था।

## झुग्गी-झोपड़ीः बच्चों का होगा बर्थ रजिस्ट्रेशन

हिसार

एडीसी सी.जयाश्रद्धा ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को बर्थ रजिस्ट्रेशन को और ज्यादा प्रभावी तौर पर अभियान चलाते हुए सुदृढ़ करने की हिदायत दी है। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को जिला में जहां झुग्गी झोपडियां हैं या फिर स्लम एरिया की तरह कोई स्थान हैं तो वहां के बच्चों के बर्थ रजिस्ट्रेशन करने के लिए फोकस करने के निर्देश दिए।

एडीसी ने गुरुवार को कहा कि अगर इन इलाके में ऐसे बच्चे हैं, जिनका अभी भी पंजीकरण नहीं हुआ हैं तो ऐसे बच्चों का जन्म पंजीकरण करवाया जाएं। इसके लिए बकायदा महिला एवं बाल विकास विभाग की भी ड्यूटी सुनिश्चित की जाएगी। स्वास्थ्य और महिला एवं बाल विकास विभाग दोनों आपस में सामंजस्य बनाते हुए इस दिशा में काम करेंगे। उन्होंने गुरुवार को लघु सचिवालय स्थित वीडियो कांफ्रेसिंग हाल में आयोजित बैठक में मौजूद सिविल सर्जन डॉ सपना गहलावत, डॉ प्रभुदयाल सहित दूसरे कर्मचारियों से कई पहलुओं पर बातचीत की। साथ ही उन्होंने कहा कि जन्म पंजीकरण को लेकर जितनी भी हिदायतें हैं, उनकी अनुपालना की जाएं। क्योंकि इसी के आधार पर भविष्य की योजनाएं बनती हैं।

**कैंप लगाने के विकल्प पर भी चर्चा**

अतिरिक्त उपायुक्त सी.जयाश्रद्धा ने बैठक के दौरान बर्थ रजिस्ट्रेशन को लेकर कैंप इत्यादि लगाने के विकल्प पर भी बात की। उन्होंने कहा कि जिला के ऐसे एरिया में विशेष अभियान स्वास्थ्य विभाग चलाएं, ताकि झुग्गी झोपडियों बनाकर जो परिवार रहते हैं, उन्हें भी इस बारे में अवगत करवाते हुए उनके वंचित बच्चों का जन्म पंजीकरण करवाया जा सके। इसके लिए बकायदा पहले एक चैक लिस्ट तैयार की जाए कि आखिर किन किन दस्तावेजों की पंजीकरण के लिए जरूरत होगी, उसके बाद उस बारे में जागरूक भी किया जाएं। जागरूकता का कार्य महिला एवं बाल विकास विभाग के सहयोग से आंगनबाड़ी वर्करों इत्यादि की मदद से भी किया जाएगा, ताकि कैंप में अगर बर्थ रजिस्ट्रेशन का कार्य करते हैं, तो किसी कमी की वजह से वो मामला लंबित ना रहे। बैठक में मौजूद सिविल सर्जन डॉ सपना गहलावत ने एडीसी के समक्ष कहा कि स्वास्थ्य विभाग हिदायतों के अनुसार तमाम प्रक्रिया कर रहा है। बर्थ रजिस्ट्रेशन को लेकर खास तौर पर फोक्स करते हुए कार्य किया जाएगा।

**लिंगानुपात बारे भी किया मंथन**

जिन ग्रामीण एरिया में लिंगानुपात की समस्या है। उसे लेकर भी जिला प्रशासन खास फोकस करते हुए रूपरेखा बना रहा हैं। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ हुई बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त सी.जयाश्रद्धा ने इस विषय पर भी निर्देश दिए। अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि आने वाले दिनों में गांव वाइज वो एएनएम तथा आशा वर्कर की बैठक भी लेंगी, ताकि इस दिशा में विशेष रूप से रणनीति के साथ काम किया जाएं। उन्होंने बैठक में मौजूद सिविल सर्जन डॉ. सपना गहलावत तथा डॉ. प्रभुदयाल से ब्लॉक वाइज ग्रामीण एरिया का डेटा भी लिया। साथ ही उन गांवों पर विशेष रूप से चर्चा की गई, जहां यह समस्या ज्यादा है। इस पर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग हिदायतों के अनुसार इस दिशा में भी काम कर रहा है।

अंतरराष्ट्रीय टीम ने देखी कुलेरी गर्ल्स स्कूल में शिक्षण विधियां

## कन्या पाठशाला में पहुंची दो सदस्यीय टीम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार



हिसार। कुलेरी स्कूल में कक्षा में शिक्षण गतिविधियों का अवलोकन करती टीम सदस्य। फोटो: हरिभूमि

अग्रोहा खंड के राजकीय कन्या प्राथमिक पाठशाला कुलेरी में गुरुवार को एक अंतरराष्ट्रीय टीम ने स्कूल में अपनाई जा रही शिक्षण प्रविधियों व व्यवस्थाओं को समझने के लिए स्कूल का दौरा किया। इस दौरान स्कूल की व्यवस्थाओं, शिक्षण प्रविधियों व मान-सम्मान को देखकर टीम सदस्य अभिभूत हो गए। इस प्रतिनिधिमंडल में अंतर्राष्ट्रीय शिक्षा संस्था व्हाट वर्क्स हब फॉर ग्लोबल एजुकेशन की तरफ से साउथ अफ्रीका की हीथर कायटन एवं मलेशिया से यू यी हुवा जबकि नई दिल्ली से लैंग्वेज एवं लर्निंग फाउंडेशन की तरफ से नेहा कनोजिया, जिला एफएलएन को-आर्डिनेटर मनोज गर्ग, आरपीएम एलएलएफ ओमपाल डुमोलिया, डीएसी राजू लाल, शिल्पा, बीआरपी घनश्याम व राजेश टंडन, एबीआरसी विजेता, बिन्नी एवं अनिल कुमार आदि रहे। स्कूल की तरफ से इंचार्ज सुशीला देवी, अध्यापक सीआर काजला, बबीता रानी, सरयू, अलकेश व रोशन लाल आदि मौजूद रहे।

इस दौरान स्कूल में पहुंचने पर टीम सदस्यों का स्कूल के बच्चों की तरफ से तिलक लगाकर व फूलमालाओं के साथ स्वागत किया। स्कूल की सुबह की प्रार्थना सभा में उन्होंने विद्यार्थियों द्वारा करवाई जा रही विभिन्न अकादमिक व बहु उपयोगी गतिविधियों का अवलोकन किया। इसके पश्चात उन्होंने कक्षा पहली व दूसरी में सरयू व अलकेश द्वारा करवाए जा रहे गतिविधि आधारित शिक्षण कार्य को बारीकी से देखा।

हीथर कायटन ने स्कूल में शिक्षण प्रविधियों को देखकर गद्गद होते हुए कहा कि साउथ अफ्रीका में भी भारत जैसी ही शिक्षण व्यवस्था है लेकिन यहां की नवाचार आधारित व गतिविधि आधारित शिक्षण विधियों को हम साउथ अफ्रीका में भी लागू करने के लिए प्रयास करेंगे। उन्होंने इसके बाद उकलाना खंड के गांव किनाला के राजकीय प्राथमिक पाठशाला का भी दौरा किया तथा वहां भी शिक्षण विधियां व विभाग द्वारा उपलब्ध करवाए जा रहे विभिन्न संसाधनों का अवलोकन किया।

दोनों स्कूलों में अवलोकन के बाद टीम सदस्यों ने खंड व जिला स्तर पर खंड संसाधन अधिकारी ईश्वर जांगड़ा व जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी निर्मल दहिया के साथ बैठक की तथा अपना फीडबैक उनके साथ सांझा किया। अधिकारियों से बातचीत करते हुए टीम सदस्यों ने दोनों स्कूलों की व्यवस्थाओं से अभिभूत होकर कहा कि बच्चों के साथ शिक्षण कार्य व उपलब्ध संसाधनों व परिवेश में मौजूद संसाधनों का भरपूर उपयोग कर शिक्षण कार्य को रोचक व आसान बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी जा रही है।